# 126941 - क्या फ़रिश्ते महिलाओं के ज़िक्र की सभाओं में उपस्थित होते हैं यदि वे नंगे सिर होती हैं?

## प्रश्न

क्या यह सच है कि फ़रिश्ते महिलाओं के ज़िक्र की सभाओं में उपस्थित नहीं होते हैं, यदि महिलाएँ अपने बालों को खोले रखती हैं (अर्थात् वे हिजाब नहीं पहनती हैं) ?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“मैं इसका कोई आधार नहीं जानता। वे क़ुरआन का पाठ कर सकती हैं और अल्लाह का ज़िक्र कर सकती हैं, भले ही वे अपने सिर खोले हुए हों, यदि उनके पास कोई पराया (ग़ैर-महरम) आदमी मौजूद नहीं है। तथा यह फ़रिश्तों को प्रवेश करने से नहीं रोकता है। और अल्लाह ही सामर्थ्य प्रदान करने वाला है।” उद्धरण समाप्त हुआ।

“मजमूओ फ़तावा इब्न बाज़” (24/85).